Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# महत्वाकांक्षी योजनाओं से 35 से 40 हजार की आबादी होगी लाभान्वित

**निरीक्षण**

## जिलाधिकारी ने किया ड्रीम प्रोजेक्ट सूर्यधार झील का स्थलीय निरीक्षण

■पेयजल सुविधा के साथ ही सिंचाई सुविधा हो सकेगी उपलब्ध

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के ड्रीम प्रोजेक्ट सूर्यधार झील का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिशासी अभियंता सिंचाई द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि चिर प्रतिक्षित सूर्यधार झील से क्षेत्र के 18 गांव के लोगों को पेयजल सुविधा के साथ ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा इस महत्वाकांक्षी योजनाओं से लगभग 35 से 40 हजार की आबादी लाभान्वित होंगी।



जिलाधिकारी को सूर्यधार झील के मैपिंग, ट्रेसिंग, निर्माण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से सूर्यधार झील का निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो अब निर्माण अंतिम चरण में है। इस झील के निर्माण में 50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है, जिसके सापेक्ष अभी तक 40 करोड़ रू0 की धनराशि प्राप्त हुई है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सूर्यधार झील के निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया तथा सिंचाई वे पेयजल सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने झील निर्माण में तेजी लाने के प्रयास करने पर बल देते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्टको तत्परता से समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाय। सूर्यधार झील निर्माण से एक ओर जहां क्षेत्रीय वासिदों को शुद्ध पेयजल मुहैया हो सकेगा वहीं दूसरी और सिंचाई सुविधाएं मिलने से क्षेत्र के काश्तकारों को खेती उत्पादन में लाभ मिलेगा।

सूर्यधार झील के स्थलीय निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री करन बोहरा, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश वरूण चौधरी, विशेष कार्यधिकारी माननीय मुख्यमंत्री धीरेन्द्र पंवार,अधिशासी अभियंता सिंचाई डी. के सिंह, तहसीलदार सूरवीर सिंह राणा समेत झील निर्माण में सहयोग कर रहे अभियंता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

### लच्छीवाला वन क्षेत्र नेचर कम सिटी पार्क के रूप में होगा विकसित

देहरादून। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड त्रिवेन्द्र सिंह रावत की तहसील डोईवाला क्षेत्रान्तर्गत लच्छीवाला नेचर वाटर पार्क डेवलपमेंट के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने प्रभागीय वनाधिकारी राजीव धीमान के साथ पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रापर डीपीआर तैयार की जायेगी, जिसमें डीएफओ द्वारा कार्य विवरण तैयार कर लिया गया है जिसे शासन को प्रेषित किया जायेगा। उन्होंने पार्क के सौन्दर्यीकरण और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लच्छीवाला वन क्षेत्र नेचर कम सिटी पार्क के रूप विकसित किया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### गंगोलीहाट में खराब हुई अल्ट्रासाउंड मशीन

**संवाददाता** पिथौरागढ। गंगोलीहाट के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंन्द में अल्ट्रासाउंड मशीन के खराब होनेके कारण दूर दराज के गांवों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को निराश होकर वापस लौटना पडा है। बता दें कि करीबन तीन सौ से अधिक महिलाएं अपने जांच कराये बगैर ही घरों को वापस लौट गई है। वही सीमांत तहसील क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड का माम पूरी तरह ठप पड चुका है। जानकारी के मुताबिक मशीन में साफटवेयर की कमी आ गई। वही क्षेत्र की महिलाओं को घंटों खडे होने के बाद मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

### उपवास पर डटे एजुकेशन मिनिस्टीयल कर्मी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। शिक्षा विभाग में पदस्थापना में मनमानी की जांच करने व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति की दूसरी सूची को जारी किये जाने की मांग को लेकर ऐजूकेशन मिनीस्ट्रीयल एसोसिएशन कर्मियों का उपवास जिले में तीसरे दिन भी जारी है। बता दें कि वही आगामी 17 जुलाई को दन कर्मियों ने आमरण अनशन की चेतावनी भी दे डाली है। इस दौरान तमाम ऐजुकेशन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी मौजूद रहे।

### असमाजिक तत्वों पर की गई कारवाही

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के पर्यटन रोड चंडाक नामक स्थान पर बिना हेलमेट व शराब पीकर बाइक चलाने व कार तेज रफतार से चलाने वालों पर कोतवाल द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कढ़ी कारवाही की गई है। जानकारी के मुताबिक इस पर्यटन स्थल पर असमाजिक तत्वों द्वारा नियमोंको ताक पर रखकर अराजकता फैलायेजाने के समाचार कोतवाल रमेश तनवर को सूचना मिली थी। कोतवाल तनवर द्वारा अपने दलबल को साथ लेकर यहां पर इन असामजिक तत्वों पर कडी कारवाही करने के साथ इनके चालान भी काटे गये। लोगों को हिदयत देते हुए आगे भविष्य में नियमों की अनदेखी करने पर कढ़ी कारवाही करने के संकेत दिये।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जुलाई महीने के लिए अभिनव वित्त योजनाओं की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशेष फाइनेंस स्कीम की घोषणा की। इसका मकसद खरीदने के निर्णय को आसान करना है। विशेष लाभ की विस्तृत श्रृंखला में अनूठी बायबैक पेशकश से लेकर कुछ सबसे निम्न ईएमआई शामिल हैं। ये पेशकशें हाल की ग्राहक केंद्रित पहल के क्रम में है जिसे कंपनी ने पेश किया था ताकि खरीद की प्रक्रिया और आसान, पहुंच में तथा सभी ग्राहकों के लिए तनाव मुक्त हो सके। नई डील्स में एक अनूठी आश्वस्त बायबैक पेशकश है जो यारिस और ग्लांजा पर 55 प्रतिशत है।

## मंत्री मदन कौशिक ने स्मार्ट सिटी के कार्यो की जानकारी ली

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास, आवास, राजीव गाँधी शहरी आवास, जनगणना, पुनर्गठन एवं निर्वाचन मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा स्थित सभा कक्ष में देहरादून स्मार्ट सिटी के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने देहरादून स्मार्ट सिटी के कार्य को समयबद्ध ढंग से समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा देहरादून स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मिनी प्रोजेक्ट का माइक्रो लेबल पर समीक्षा के लिए जल्द बैठक बुला ली जाए। देहरादून स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत स्मार्ट रोड, स्मार्ट टायलेट, वाटर ए.टी.एम. सीवर लाईन का अपग्रेडेशन मल्टी यूटीलिटी डक, स्मार्ट स्कूल इत्यादि के कार्य होने हैं। इस प्रोजेक्ट में देहरादून इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल सिस्टम का भी सहारा लिया जायेगा। वाटर सप्लाई और ड्रेनेज प्रबन्ध के लिए आगामी समीक्षा बैठक में कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. देहरादून स्मार्ट सिटी, वी.सी.एम.डी.डी.ए. रणवीर सिंह चौहान इत्यादि अधिकारी मौजूद थे।



# जिले के बैकों के आगे खड़ी भीड़ समाजिक दूरी को लगा रही पलीता

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। जिले के बैकों के आगे लागों की काफी संख्या में भीड उमड़ रही है। बता दें कि लोगों के द्वारा सामाजिक दूरी का बिल्कुल भी पालन नही किया जा रहा है। आलम यह है कि जिले में लोग बैकों के खुलने से पहले ही बैकों के बाहर लंबी लाइन लगाते नजर आ रहे है।

आलम यह है कि जिले के बैंको के बाहर भीड लगाते हुए ये लोग प्रशासन के सोशल डिस्टेंडिग के नियमों को ताक पर रखकर धज्जियां उडाते दिख रहे है। वही जिले के मुख्य बाजार पर स्थित भारतीय स्टेट बैक की शाखा जिसके खुलने का समय सुबह के दस बजे के आसपास का है।

### ताक पर नियमः लोगों में नही है कोरोना का डर

दूसरी ओर इन दिनों प्रात आठ बजे से ही बैंक के मुख्य गेट के आगे जबरदस्त लोगों की लंबी लंबी कतार नजर आ रही है।

जानकारी के मुताबिक जिले में कोरोना के मामले आजकल केवल पांच के आसपास है। जिले में लोगो को कोरोना का बिल्कुल भी खौफ नही लग रहा है। दूसरी ओर बैंक के कर्मचारियों को इस भीड़ को व्यवस्थित करने में काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। जिले के दूसरे क्षेत्रीय तहसील गंगोलीहाट के बेरीनाग क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैक के आगे भी कॉफी संख्या में लोगों की लंबी लंबी लाइन लगी देखने को मिल रही है। बता दें कि सीमांत तहसील गंगोलीहाट के बेरीनाग में भी लोग सामाजिक दूरी के पालन की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। यह कहना आसान लग रहा है कि क्षेत्र के लोगों में भी कोरोना के खौफ का बिल्कुल भी डर नही है।

लोगों के द्वारा जानबूझकर नियमों की अनदेखी की जा रही है। लोगों में बिल्कुल भी बेसब्री नही दिखाई दे रही है। एक ओर राज्य के भीतर आये दिन सामाजिक दूरी बनाने पर जोर डाला जा रहा है। सीमांत जनपद व सीमांत तहसील क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखने को जोर देते लोग खुलेआम देखे जा सकते है।

## रियलमी ने स्टाईलिश एंट्री-लेवल स्मार्टफोन रियलमी सी11 प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होता हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने ऑल–न्यू रियलमी सी11 एवं रियलमी 30 वॉट डार्ट चार्ज 10,000 एमएएच पॉवर बैंक का लॉन्च किया है। सबसे लोकप्रिय टेक–ट्रेंडसेटर ब्रांड बनने के सफर में रियलमी का उद्देश्य स्मार्टफोन और एआईओटी श्रेणी में अपने यूजर्स को सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजी प्रदान करना है। नए उत्पादों के लॉन्च के बारे में माधव शेठ, वाईस प्रेसिडेंट, रियलमी एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, रियलमी इंडिया ने कहा, "एंट्री लेवल से फ्लैगशिप सेगमेंट्स तक अनेक विकल्प प्रस्तुत करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए हम अपनी सी सीरीज का लेटेस्ट स्मार्टफोन प्रस्तुत करके अत्यधिक उत्साहित हैं। रियलमी की एंट्री–लेवल सी–सीरीज को हमारे यूजर्स से बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है। दुनिया में हमारे पास रियलमी सी–सीरीज के लगभग 13 मिलियन यूजर्स है और हमें विश्वास है कि रियलमी सी11 हमें नए आयाम छूने में मदद करेगा।